## पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## प्रेस विज्ञप्ति

## विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 04 अभियुक्त एवं एन0बी0डब्लू0 में 04 अभियुक्त गिरफ्तार।

**दिनांक–20.11.2023**

**दिनांक 19/20.11.2023 को रात्रि थाना पीजीआई 01, चिनहट 01, कृष्णानगर 02 अभियुक्त एवं एन0बी0डब्लू0 में थाना नगराम 02, सैरपुर 02 अभियुक्त गिरफ्तार। इस प्रकार वांछित में कुल 04 अभियुक्त एवं एन0बी0डब्लू0 में 04 अभियुक्त गिरफ्तार।**

### भा0द0वि0

**थाना चिनहट–**दिनांक 20.11.2023 को थाना चिनहट द्वारा बताया गया कि वादी श्री विकास सिंह पुत्र पवन कुमार सिंह निवासी–ग्राम सेमरा हरीनगर कालोनी थाना चिनहट लखनऊ ने थाना चिनहट पर सूचना दिया कि दिनांक 18.11.2023 को वादी जब अपने परिवार के साथ घर में मौजूद था और मकान के पीछे का दरवाजा खुला था कि समय करीब 03.00 बजे दिन में अनूप गौतम पुत्र मायाराम व विकास रावत पुत्र रामकुमार निवासी–ग्राम सेमरा चिनहट, लखनऊ द्वारा वादी के घर में पीछे खुले हुए दरवाजे से वादी के घर के अन्दर आकर आलमारी के दराज में रखा 15700/–रूपये नगद व 02 जोड़ी चांदी के बिछुआ चोरी करके पीछे के दरवाजे से निकलकर भाग ही रहे थे कि वादी ने देखा कि अनूप गौतम व विकास रावत अपने दो अन्य अज्ञात साथी जो घर के पीछे उन लोगों के सहयोग में खड़े थे उक्त सभी लोग वादी को देखकर भागने लगे। जिसमें से वादी ने एक व्यक्ति को मौके से ही पकड़कर उसके से 500/–रूपये और एक जोड़ी बिछुआ मिला । वादी उक्त सामान को देखने लगा तो वह व्यक्ति वादी को धक्का देकर भाग गया। भागने से पहले उक्त व्यक्ति ने अपने साथी को कुछ सामान फेंककर पकड़ा दिया था। **इस सूचना पर थाना चिनहट पर मु0अ0सं0 499/2023 धारा 380 भादवि का अभियोग बनाम अभियुक्त 01–अनूप गौतम 02–विकास रावत व उसके अन्य दो साथियों के विरूद्ध पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

**थाना मदेयगंज–**दिनांक 20.11.2023 को थाना मदेयगंज द्वारा बताया गया कि वादी श्री रोचक अग्रवाल निवासी–24, ब्रह्मनगर, डालीगंज क्रांसिग के सामने सीतापुर रोड, थाना मदेयगंज लखनऊ ने थाना मदेयगंज पर सूचना दिया कि दिनांक 13.11.2023 को दोपहर करीब 12. 00बजे वादी अपने परिवार के साथ फरीदाबाद अपनी माताजी श्रीमती शारदा अग्रवाल जिनका आपरेशन हुआ था उनको देखने हेतु गया हुआ था। दिनांक 17.11.2023 को सुबह करीब 05. 00 बजे जब वादी अपने उक्त घर पर वापस आया तो देखा कि घर के अन्दर लगे चैनल के अन्दर लगे दरवाजे का ताला टूटा हुआ पाया। वादी के घर का सारा सामान बिखरा हुआ था। वादी के घर से सोने–चांदी के कीमती जेवरात, 5000/–रूपये नगद व अन्य कीमती सामान चोरी हो गया है। **इस सूचना पर थाना मदेयगंज पर मु0अ0सं0 124/2023 धारा 380/457 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

**थाना गुडम्बा**—दिनांक 20.11.2023 को थाना गुडम्बा पर सूचना दिया कि वादिनी अपराजिता सिंह पुत्री आषुतोश सिंह निवासी—सी—1/385,सेक्टर जी, जानकीपुरम लखनऊ ने थाना गुडम्बा पर सूचना दिया कि वादिनी को इंस्टाग्राम के एक लिंक पर जाने के बाद व्हाट्सप को एक मोबाइल नं0 मिला, जिसने अपने आप को अमेजॉन का भर्ती प्रबंधक, प्रगति दूबे बताया। उसने वादिनी को एक बेबसाइट पर भेजा और पंजीकरण कराया। उसके बाद उक्त व्यक्ति ने वादिनी को टेलीग्राम का एक लिंक दिया, जहां से आगे का कार्य मिलना था। टेलीग्राम पर ही उसने वादिनी को काम बताया और 1,56,640/—रूपये की धनराशि को धोखधड़ी पूर्वक ट्रांसफर करवायी। यह घटना दिनांक 15/16.11.203 की है। **इस सूचना पर थाना गुडम्बा पर मु0अ0सं0 462/2023 धारा 420 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानक कार्यवाही की जा रही है।**

**थाना दुबग्गा**—दिनांक 20.11.2023 कसे थाना बुबगा द्वारा बताया गया कि श्री अमरनाथ पुत्र नन्हे निवासी—42, बरावनखुर्द थाना दुबग्गा लखनऊ द्वारा थाना दुबग्गा पर सूचना दिया कि आज दिनांक 20.11.2023 को समय करीब 02.00 बजे दोपहर को उसकी पुत्री अंजलि उम्र करीब 20 वर्ष ने घर के कमरे लगे पंखे से दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। उसकी पत्नी पुराने घर पर थी। जब वह लौटकर नये घर पर आयी तो देखा कि उसकी पुत्री अंजलि सिंह पंखे से लटक रही थी, जिससे उसकी मृत्यु हो गयी है। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री रामभवन मो0नं0 6393328567 थाना दुबग्गा द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि मृतका पिछले करीब 01 माह से मानसिक रूप से बीमार चल रही थी जिसका इलाज चल रहा था। मृतका कक्षा 11वीं की पढाई कर रही थी।